Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 09-03-2006
Participants : Shakya Shri Raghuraj Singh

>

Title : Need to expedite construction work of the bypass at Etawah, Uttar pradesh.

श्री रघुराज सिंह शाक्य (इटावा) : महोदय, सदन के माध्यम से माननीय मंत्री जी का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र इटावा की समस्या की ओर ध्यान आकृट करते हुए कहना चाहता हूं कि कानपुर आगरा एन.एच.-2 पर इटावा शहर बसा हुआ है। एन.एच.-2 का चौड़ीकरण एवं सौंदर्यीकरण आगरा से कानपुर तक लगभग पूरा हो चुका है, बहुत ही सराहनीय कार्य है, किंतु इटावा बाइपास का कार्य अधूरा पड़ा है जिस संबंध में माननीय मंत्री जी ने अक्तूबर, 2005 तक पूरा होने का आश्वासन भी दिया था। लेकिन बाइपास की स्थिति जस की तह है। गाड़ियों को शहर से गुजरने में घंटों जाम में फंसना पड़ता है तथा आये दिन दुर्घटना भी होती रहती है एवं प्रदूाण भी काफी बढ़ रहा है।

अस्तु माननीय मंत्री जी से आग्रह है कि इटावा बाइपास का अधूरा कार्य शीघ्र पूरा करवाने की कृपा करें जिससे कि आम नागरिक को राहत मिले।